हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 137 देहरादून, मंगलवार 21 नवंबर, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



भाजपा महानगर अध्यक्ष ने की पार्टी कार्यकर्ताओं के परिवारों को शिष्टाचार भेंट

3

# सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को बचाएगा रोबोट

## आपदा प्रबंधन सचिव डा. रंजीत कुमार सिन्हा ने रेस्क्यू को लेकर दी जानकारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 21 नवंबर। उत्तकाशी के सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को बचाने के लिए रोबोट की मदद ली जाएगी। रेस्क्यू में 30 से 40 घंटे लग सकते हैं। रोबोट सुरंग के अंदर आए मलबे के ऊपर बची थोड़ी सी जगह से दूसरी तरफ जाएगा। इस रोबोट के जरिए दूसरी तरफ पाइप डालने समेत अन्य संभावनाएं तलाशी जाएंगी।आपदा प्रबंधन सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 11 नवंबर को यमुनोत्री हाईवे पर निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग में भूस्खलन के बाद से 41 मजदूरों का जीवन संकट में है। वर्तमान में मजदूरों को बचाने के लिए पांच प्लान पर केंद्र व राज्य की करीब छह एजेंसियां काम कर रही हैं। जिसमें सिलक्यारा सुरंग के मुहाने से ऑगर मशीन से ड्रिलिंग बड़कोट छोर से ड्रिलिंग सुरंग के ऊपर और दाएं व बाएं तरफ से ड्रिलिंग की तैयारी हो चुकी है। सुरंग के ऊपर से ड्रिलिंग के लिए अस्थायी सड़क का निर्माण भी किया जा रहा है। लेकिन अब इन पांच प्लान के साथ छठा प्लान भी तैयार किया जा रहा है।छोटा रोबोट ही जा सकता है सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि सुरंग के अंदर भूस्खलन के कारण जो मलबा आया है उसके और सुरंग की ऊपरी छत के बीच थोड़ी जगह है। जिससे एक रोबोट को भेजकर देखा जाएगा कि दूसकी तरफ कितनी जगह है। ताकि दूसरी तरफ पाइप डाला जा सके। इस पाइप का इस्तेमाल भी अंदर फंसे लोगों का जीवन बचाने में किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि वह जगह बेहद संकरी होने से वहां कोई छोटा रोबोट ही जा सकता है।

ऐसा रोबोट भारत सरकार या किसी निजी एजेंसी के पास उपलब्ध होगा तो वह मंगाया जाएगा। आपदा प्रबंधन सचिव डॉ. सिन्हा ने बताया कि सुरंग में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन दिन.रात चलाया जा रहा है। अगर सब कुछ ठीक रहा और ऑगर मशीन से ड्रिलिंग के दौरान कोई बाधा नहीं आई तो रेस्क्यू ऑपरेशन में 30 से 40 घंटे का समय लग सकता है। बड़कोट छोर से अभी दो से ढाई मीटर व्यास की बनेगी सुरंगनिर्माणाधीन सिलक्यारा से पोलगांव सुरंग 4.5 किमी लंबी है।

जिसमें बड़कोट छोर से अभी करीब 400 मीटर सुरंग की खोदाई शेष है। अंदर फंसे लोगों को बचाने के लिए बड़कोट छोर से भी खोदाई शुरू करवाई जा रही है। हालांकि अभी उस छोर से पूरी खोदाई की जगह केवल दो से ढाई मीटर व्यास की सुरंग तैयार की जाएगी। इसमें काफी समय लग सकता है। साइड टनल आपस में मलबे के आगे मिलेंगी।सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को बचाने के लिए सुरंग के दाएं और बाएं से भी सुरंग बनाई जा रही है। ये दोनों निकासी सुरंग भूस्खलन के मलबे के आगे मिलेंगी। जिससे अंदर फंसे मजदूर बाहर आ सकें।



# एसीएस रतूड़ी ने ली देहरादून में होने वाली आपदा प्रबंधन पर 6वीं अंतरराष्ट्रीय कांग्रेस को लेकर बैठक



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। 28 नवंबर से 1 दिसंबर 2023 तक देहरादून में होने वाली आपदा प्रबंधन पर 6 वीं अंतरराष्ट्रीय कांग्रेस को लेकर सोमवार को सचिवालय में अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपर मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन हेतु सभी तैयारियों को समय रहते पूर्ण कर लिया जाए। सभी विभागों को ओनरशिप लेकर इस आयोजन को सफल बनाना है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के लिहाज से इस आयोजन का बहुत महत्व है, इस लिहाज से तैयारियों में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। बैठक में बताया गया कि 28 नवंबर से होने वाली कांग्रेस के सभी कार्यक्रम ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी में आयोजित होंगे। चार दिन के इस सेमिनार में कुल 70 सेशन होंगे जिसमें अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के वक्ता अपनी बात रखेंगे। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि सभी विभागों को चाहिए कि वे बेहतर तालमेल के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि इसके ठीक बाद दिसंबर माह में ही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भी देहरादून में होने जा रही है। ऐसे में यह आयोजन उसकी रिहर्सल के तौर पर भी बेहद अहम है। अपर मुख्य सचिव ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैठक में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के गणमान्य व्यक्ति आ रहे हैं सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण कर ली जाए। बैठक में बताया गया कि लगभग 600 डेलिगेट्स इस कांग्रेस में भाग लेंगे इस हेतु उनके ठहरने व अन्य व्यवस्थाओं का इंतजाम कर लिया गया है।

अपर मुख्य सचिव ने बैठक में निर्देश दिए कि ग्राफिक़ एरा से लेकर जिन किसी भी होटल में डेलिगेट्स रुकेंगे वहां पर फायर सेफ्टी ऑडिट करा लिया जाए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि आयोजन के दिवस पर एम्बुलेंस व मेडिकल टीम की व्यवस्था पूरी कर ली जाए। बैठक में बताया गया कि चार दिवसीय आयोजन में शुरुआत के दो दिनों में शाम के वक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। इसके अतिरिक्त एक दिन विदेशी मेहमानों को गंगा आरती हेतु ऋषिकेश भी ले जाया जाएगा।

बैठक में सचिव शैलेश बगोली, आपदा प्रबंधन सचिव रंजीत सिन्हा, अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था एपी अंशुमन, यू-कॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत, डीआईजी राजकुमार नेगी, ग्राफिक एरा विश्विद्यालय के कुलपति डॉ नरपिंदर सिंह आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डीएम गब्र्याल ने ली निवेशक कान्क्लेव कार्यक्रम की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार। जिलाधिकारी धीराज सिंह गब्र्याल की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन रोशनादबाद में, आगामी 24 नवम्बर,2023 को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होटल यशेल( रेडिशन ब्लू) में प्रस्तावित क्षेत्रीय निवेशक कान्क्लेव कार्यक्रम की तैयारियों के सम्बन्ध में एक बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी ने बैठक में अधिकारियों के साथ प्रस्तावित क्षेत्रीय निवेशक कान्क्लेव कार्यक्रम के सन्दर्भ में विस्तार से विचार-विमर्श किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जितने भी इन्वेस्टर हैं, उनकी एक सूची तैयार कर ली जाये तथा उसी अनुसार सम्पूर्ण व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।

श्री धीराज सिंह गब्र्याल ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि क्षेत्रीय निवेशक कान्क्लेव कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों-कृषि, उद्यान, कोआपरेटिव, पर्यटन, उरेडा, नाबार्ड, हैण्डलूम, स्वयंसेवी संस्थाओं आदि द्वारा आकर्षक स्टाल स्थापित किये जायें तथा उद्योग से सम्बन्धित विकासपरक लघु फिल्में प्रदर्शित करने हेतु एलईडी स्क्रीन भी स्थापित की जाये। उन्होंने बैठक में निवेशक कान्क्लेव कार्यक्रम की सभी प्रकार की व्यवस्थायें चाक-चौबन्द बनाने के लिये अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन, पीडी के0एन0 तिवारी, जीएमडीआईसीमती पल्लवी गुप्ता, मुख्य कृषि अधिकारी विजय देवराड़ी, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण सुरेश तोमर, एआर कोआपरेटिव पी0एस0 पोखरिया, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अभिषेक चौहान, पर्यटन सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# कांग्रेस ओबीसी विरोधी, नहीं चाहती उन्हें मिले निकायों में अधिकार : भट्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून । भाजपा ने निकाय चुनावों में देरी के आरोपों पर पलटवार कर कहा, कांग्रेस ओबीसी विरोधी है और नही चाहती उन्हे निकायों में हक मिले ।

प्रदेश अध्यक्ष श्री महेंद्र भट्ट ने निकाय चुनाव की प्रक्रिया के पीछे होने को लेकर कांग्रेसी बयानबाजी की कड़ी आलोचना की है । उन्होंने कहा, सभी जानते हैं कि चुनावों में ओबीसी को प्रतिनिधित्व देने को लेकर सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट निर्देश हैं । इस संवैधानिक बाध्यता का सम्मान करते हुए सरकार ने एक सदस्यीय आयोग बनाया है जो इस महत्वपूर्ण विषय पर अपनी रिपोर्ट तैयार कर रहा है । जैसे ही यह रिपोर्ट सामने आयेगी, उसको देखते हुए सभी निकायों में आरक्षण का निर्धारण किया जाएगा । वहीं दूसरी तरफ नए निकायों के बनने और निकायों की सीमा में विस्तार होने के कारण मतदाता सूची तैयार करने का काम चल रहा है । जहां तक सवाल है भाजपा का तो हम चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं, बस चुनाव आयोग की घोषणा का इंतजार है ।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कि कांग्रेस भी संवैधानिक बाध्यता की सच्चाई को अच्छी तरह से जानती । लेकिन कांग्रेस हमेशा से ओबीसी विरोधी रही है और वो नही चाहती है कि ओबीसी समाज को निकाय चुनावों में उनका अधिकार मिले । अन्यथा अपने शासन में सामान्य परिस्थितियों में भी कभी निकाय चुनावों को समय पर नहीं कराने वाली कांग्रेस इस तरह की बयानबाजी नही करती । उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि चुनाव अभी हो या कुछ समय बाद, कांग्रेस का कुछ नही होने वाला और जनता भाजपा के पक्ष में रिकॉर्ड मतदान करने का मन बना चुकी है ।

# इस लड्डू का डॉक्टर भी मानते हैं लोहा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 21 नवंबर , अगर ठंड के मौसम में आप वजन कम करने की सोच रहे हैं और ठंड की वजह से बाहर मॉर्निंग वॉक व एक्सरसाइज करने का मन नहीं करता है, तो भी कोई बात नहीं.क्योंकि आज हम आपको एक ऐसे लड्डू के बारे में बताने वाले हैं.जिसको आप हर दिन खाकर अपना वजन आसानी से और तेजी से भी कम कर सकते हैं.दरअसल, हम बात कर रहे हैं बाजारे से बने लड्डू की. झारखंड की राजधानी रांची के आसपास के खेतों में बाजरे की काफी खेती होती है.यहां की स्थानीय महिलाएं घर में बाजरे का लड्डू बनाया करती है. बाजरे का लड्डू वजन घटाने में बड़ा कारगर साबित होता है.इसे आप हर दिन सुबह में नाश्ते में खा सकते हैं. इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें उच्च फाइबर होता है.जिससे एक लड्डू में ही आपका पेट भर जाएगा और आपको लंबे समय तक भूख भी नहीं लगेगी.

**बनाने में भी लगता है 5 मिनट**

रेसिपी की बात करें तो बाजरे का लड्डू बनाना बड़ा आसान है. बाजरा लड्डू बनाकर बेचती हुई विनीता ने कहा कि सबसे पहले आपको बाजरा को अच्छे से मिक्सर में पीस लेना है. पीसने के बाद इसे कड़ाई में दो चम्मच घी के साथ भूनना है. हल्का ब्राउन होने के बाद इसे उतार लेना है और फिर इसमें ड्राई फ्रूट्स, पिसा हुआ खजूर, गुड और थोड़ा घी डालकर अच्छे से मिलाना है और इसे गोल आकार में लड्डू बना लेना है. विनीता आगे कहा कि यह लड्डू खाने में बेसन और गोंद के लड्डू से भी अधिक स्वादिष्ट लगता है. वहीं, इसके फायदे की बात करें तो इसमें कैलरी की मात्रा बहुत कम होती है व उच्च फाइबर की वजह से यह वजन घटाने कारगर साबित होता है.




# सबसे बड़े रामभक्त हैं इस जनजाति के लोग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 21 नवंबर , दुनिया में कई तरह की जनजातियां रहती हैं. कई जनजातियों के बारे में लोगों को जानकारी भी नहीं है. ये जनजातियां घने जंगलों में छिपकर रहते हैं. दुनिया की मॉडर्निटी से इनका कोई वास्ता नहीं होता. ये सबसे अलग अकेले रहते हैं. लेकिन कुछ जनजातियों ने समय के साथ अपनी लाइफस्टाइल को बदल लिया. उन्होंने समय के साथ अपने अंदर बदलाव लाया, जिसका नतीजा है कि उनकी लाइफ के बारे में दुनिया को पता चल पाया.भारत में भी कई जनजाति के लोग रहते हैं. आज हम आपको सेंट्रल इंडिया में रहने वाले एक सीक्रेट ट्राइब के बारे में बताने जा रहे हैं. इस ट्राइब के लोगों ने अपनी लाइफ भगवान राम को डेडिकेट कर दी है. इनकी बॉडी पर राम नाम के टैटू भरे होते हैं. एक्स्प्लोरर और वीडियोग्राफर ड्रियू बिंस्की ने इस ट्राइब की लाइफ लोगों को करीब से दिखाने की कोशिश की. उन्होंने रामनामी






समाज की तस्वीरें लेकर दुनिया को उनसे रूबरू करवाया.

अब बचे हैं सिर्फ इतने ही रामनामी

इस ट्राइब में रामनामी अब काफी कम बचे हैं. इस ट्राइब में सिर्फ बीस से तीस ही बचे हैं, जो अपनी पूरी बॉडी पर राम नाम का टैटू बनवाए हुए हैं. ये लोग मोर के पंख का मुकुट पहनते हैं. ये दिन भर राम नाम जपते रहते हैं. बुजुर्ग रामनामियों का कहना है कि ट्राइब के जवान लोग अब टैटू बनवाने से कतराते हैं. सरकारी नौकरी की चाहत रखने वाले युवा ऐसा नहीं करते. ऐसे में उन्हें डर है कि उनके बाद ये प्रथा खत्म ही हो जाएगी. एक रामनामी ने बताया कि वो 90 साल की है. उसके पति ने मौत से पहले उसके बॉडी पर एक हजार से ज्यादा बार राम नाम लिखा था. लेकिन अब ऐसे काफी कम लोग ही बचे हैं.

# हाई हील्स पहनने वाली लड़कियों को हो सकती है ये बीमारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 21 नवंबर , हाई हील्स में भले ही आप जितनी भी खूबसूरत नजर आ रही हों लेकिन, पैरों के लिए ये ठीक नहीं है। दरअसल, हमारे पैरों के लिए वही चप्पल-जूते अच्छे माने जाते हैं जिन्हें पहनने पर पैर अपने शेप में रहें और उनपर कोई एक्ट्रा दवाब न पड़े। लेकिन, जब आप हाई हील्स पहनते हैं तो आपके पैर उस तरीके से नहीं रहते जिस प्रकार से उनका नेचुरल शेप है। ऐसे में हड्डियों का शेप बिगड़ सकता है और फिर कई प्रकार की दिक्कतें हो सकती हैं। लेकिन, सबसे पहले हाई हील्स पहनने का नुकसान ये है कि ये अलग ही प्रकार की बीमारी दे जाती है जिससे आपके पैर भद्दे नजर आते हैं। तो, जानते हैं क्या है ये बीमारी।

हाई हील्स पहनने से होती है ये बीमारी

हाई हील्स के जूते-चप्पल सीधे तौर पर आपके पैरों में बनियन की बीमारी का कारण बनते हैं। ये भविष्य में पोडियाट्री समस्याओं का कारण बन सकते हैं। होता ये है कि हाई हील्स में






आपके पैर की उंगलियां एक साथ चिपक जाती हैं और आपके बड़े पैर के अंगूठे का जोड़ समय के साथ खराब होना शुरू हो सकता है। इससे पैर की छोटी उंगलियों पर और टखनों पर जोड़ पड़ता है। इससे यहां कि हड्डी अलग तरीके से निकल आती है और अजीब सी दिखती है।

यूं ही पैरों में रैशेज नजर आए और दांतो से निकले खून तो, समझ लें शरीर में है ये Vitamin Deficiency

**हाई हील्स पहनने के अन्य नुकसान-**

हाई हील्स पहनने से कई अन्य नुकसान भी हो सकते हैं। जैसे कि ये रूमेटाइड अर्थराइटिस का कारण बन सकता है। पैर की उंगलियों के आकार और आंतरिक संरचना पर अपना प्रभाव डालता है। इससे आपको क्लॉ टो (Claw toe) की समस्या हो सकती है जिसमें आपके अंगूठे दूसरी उंगलियों से चिपके नजर आते हैं।

जोड़ों में दर्द की समस्या हो सकती है। टखने में मोच आ सकती है। पैर की उंगलियों का ओवरलैप हो सकती हैं और आपके पैर भद्दे नजर आ सकते हैं। तो, इन तमाम कारणों से आपको हाई हील्स पहनने से बचना चाहिए। साथ ही कोशिश करनी चाहिए कि आप आरामदेह चप्पल-जूतों को पहनें जो कि आपके पैरों के लिए फायदेमंद माने जाते हैं।

# भाजपा महानगर अध्यक्ष ने की पार्टी कार्यकर्ताओं के परिवारों को शिष्टाचार भेंट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 21 नवंबर : भारतीय जनता पार्टी के महानगर के अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक विजयादशमी के पावन पर्व के शुभ अवसर पर मन में विचार किया कि इस दीपावली पर हम प्रत्येक मंडल अध्यक्ष से लेकर बूथ अध्यक्ष शक्ति केंद्रों के संयोजकों तक सभी कार्यकर्ताओं को दीपावली की शुभकामनाएं देंगे। महानगर अध्यक्ष ने इस विचार के साथ महानगर के 14 मंडल के 923 बूथ एवं 229 शक्ति केंद्रों के सभी मंडलों के अध्यक्ष के साथ सभी शक्ति केंद्रों के संयोजकों एवं कार्यकर्ताओं के आवास पर जाकर संपर्क करना प्रारंभ किया सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते गए।

महानगर के अध्यक्ष को यह आभास जरूर था कि यह कार्य बहुत ही बड़ा है क्योंकि प्रत्येक परिवार से मिलना और उन सब परिवारों से संवाद करना उसमें काफी समय व्यतीत हो रहा था परंतु महानगर अध्यक्ष जी के प्रबल इच्छा शक्ति होने के कारण एक मात्र लक्ष्य को साध कर लगातार परिवारों से मिलते-जुलते रहे। जब वह सभी परिवारों से दीपावली की शुभकामनाएं लेकर मिल रहे थे तो परिवारों के कार्यकर्ताओं में एक खुशी की लहर और न होने वाली ऐसी उम्मीद साकार नजर आ रही थी कि वर्तमान में जो कार्य हो रहा है शायद पहले भी कभी नहीं हुआ होगा साथ ही कार्यकर्ताओं का स्नेह अध्यक्ष जी को इतना मिला कि वह कई कार्यकर्ताओं के आंसुओं से उनके दिल को छू लिया कई कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत दिव्य भव्य एवं भावनात्मक रूप से किया। इस प्रकार के स्वागत से अध्यक्ष जी के मन में आया अगर यह कार्यकर्ताओं से मिलना और दीपावली की शुभकामनाएं देने का कार्यक्रम अगर हम नहीं करते तो शायद कुछ ना कुछ जीवन में छूट ही जाता।





ऐसे भाव को लेकर महानगर अध्यक्ष लगातार कार्यकर्ताओं के पास मिलजुल कर शुभकामनाएं देते गए और इस महान अभियान को पूरा करते हुए लगभग 400 परिवारों से संपर्क किया गया।मीडिया प्रभारी उमा नरेश तिवारी ने बताया कि महानगर अध्यक्ष कार्यकर्ताओं के बीच में जा रहे थे तो कार्यकर्ताओं और अध्यक्ष जी का लगाव देख कर ऐसा महसूस हो रहा था कि परिवार में मां-बाप के लिए एक बेटा आया है, भाई-बहन के लिये भाई आया है,ऐसा परिवार का स्नेह उनको प्राप्त हुआ जिससे उन्होंने अपने आप को गौरवांवित महसूस किया। भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता अपने पदाधिकारी से जो स्नेह और प्यार की उम्मीद रखता है वह महानगर अध्यक्ष ने इन पिछले दिनों में कर के दिखाया है।

इस पुनीत कार्य में मंडल के अध्यक्ष/प्रभारी शक्ति केंद्र संयोजक एवं बूथ संयोजकों का वह संगठन के वरिष्ठ जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं ने साथ दिया आम बोलचाल में हमारे वरिष्ठ नेताजन बोलते रहते हैं कि भाजपा का कार्यकर्ता देव तुल्य कार्यकर्ता होता है इसको चरितार्थ भाजपा महानगर अध्यक्ष ने अपने महानगर के परिवारों से व्यक्तिगत तौर पर मिलकर उनका सम्मान किया।

इस पुनीत कार्य में महानगर महामंत्री सुरेंद्र राणा, बीजेंद्र थपलियाल,सुमित पांडे विजय गुप्ता जीएमएस मंडल ज्योति कोटिया विष्णु गुप्ता संध्या थापा शाहिद दुर्गा माल मंडल प्रकाश बडोनी विमल उनियाल वीर चंद सिंह गढ़वाली मण्डल संजीव सिंघल नाथूराम धीमान पंडित दीनदयाल मंडल रूद्रेश शर्मा सुशील उनियाल रायपुर मंडल जगदीश बद्री रतन सिंह चौहान डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल अंजू बिष्ट राजेश पाल प्रेम नगर कमली मंडल विनोद पुंडीर राजेश कंबोज केदार नगर मंडल पंकज शर्मा अभिषेक नौटियाल विशाल कुमार अंबेडकर मंडल प्रदीप रावत सुरेंद्र राणा आशीष थापा देव सुमन नगर मंडल अजय शर्मा धरमपुर मंडल आदि कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।

# सिलक्यारा टनल हादसा की सीबीआई जांच कराये सरकार : यशपाल आर्या

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तरकाशी , 21 नवंबर , नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने आरोप लगाया कि , सिलक्यारा टनल हादसा अनुभवहीनता , परियोजना निर्माण में लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण हुआ है । हादसे के बाद फंसे लोगों को निकालने के लिए जिन विकल्पों पर काम किया जा रहा है उन्हें इस परियोजना को शुरू करते समय ही स्थापित किया जाना चाहिए था। उन्होंने मांग की कि , यह मामला दर्जनों जानों को संकट में डालने और बड़े स्तर के भ्रष्टाचार का है इसलिए सरकार को हादसे की सीबीआई जांच कर दोषियों के विरुद्ध आपराधिक मुकदमें दर्ज करने चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने सिलक्यारा में हादसा स्थल पर पंहुच कर जिला प्रशासन , तकनीकी विशेषज्ञों , बचाव में लगी संस्थाओं , टनल के अंदर फंसे परिवारों के सदस्यों और स्थानीय लोगों से भेंट कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि , परियोजना के निर्माण के शुरू करते समय ही एडिट टनल और एस्केप टनलों का निर्माण किया जाना चाहिए था जो नही बनाई गई। इन टनलों के द्वारा मलबा या दुर्घटना होने की स्थिति में फंसे लोगों को निकाला जा सकता है । नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि , दुनिया की कोई भी लंबी टनल बिना एडिट टनल के नही बनती है इसलिए सरकार को साफ करना चाहिए






कि 5 किलोमीटर लंबी यह टनल बिना एडिट टनल बने कैसे बन रही थी।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि , इस परियोजना में आपातकाल में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने के दूसरे विकल्प ह्यूम पाइप को भी कुछ दिन पहले निकाल दिया था । एडिट टनल या ह्यूम पाइप के न होने की स्थिति में परियोजना में काम करने वाले मजदूरों को मौत के मुंह में धकेलने का अपराध किया गया है। यशपाल आर्य ने कहा कि , मलबा टनल के शुरुआती 70 मीटर की दूरी पर ही गिरा है लेकिन हादसे के नौ दिन बीतने के बाद अभी तक सब कुछ अनिश्चित है। बचाव कार्य के लिए जिन 6 विकल्पों की बात की जा रही है उनकी प्रगति जमीन पर अभी नहीं के बराबर दिख रही है । नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि , सरकार भले ही कितने बड़े दावे कर ले सिलक्यारा हादसे ने प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर आपदा प्रबंधन की पोल खोल कर रख दी है ।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इन सभी कमियों के बाद भी वे बचाव कार्य में लगे कार्मिकों की हिम्मत और मेहनत की सराहना करते हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि सभी फंसे हुए लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जाए। नेता प्रतिपक्ष के साथ सिलक्यारा भ्रमण में पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण व मनोज रावत , जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजल्वाण , अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमिटी उत्तरकाशी मनीष राणा ,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नत्थी लाल साह , जिला पंचायत सदस्य प्रदीप कैंतुरा व सतेंद्र कुमिया ,सुरेंद्र पाल अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस चिन्यालीसौड़ , विजेंद्र नौटियाल ओबीसी प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व अध्यक्ष छात्र संघ देपिंदर कोहली सम्मिलित थे।

# ओम पर्वत का रहस्य और रोमांचक सफर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 21 नवंबर , उत्तराखंड अपनी धार्मिक मान्यताओं, साहसी और दिलचस्प पर्यटन और मनलुभावन प्रकृति के लिए जाना जाता है। इस ही राज्य के पिथौरागढ़ जनपद में स्थित तिब्बत सीमा से लगा समुद्र तल से लगभग 6,191 मीटर की ऊंचाई पर स्थित ओम पर्वत अपने आप में दर्शनीय और रहस्यमय है। यह पर्वत उच्च हिमालय पर्वत श्रृंखला के विभिन्न पहाड़ों में से एक है। ओम पर्वत की अनुपम छटा, अद्भुत प्रकृति और साहसी आरोहण को नजदीक से देखने व समझने के लिए कई प्रकृति प्रेमी और पर्वतारोही दल यहां अक्सर पहुंचते रहते हैं।






पौराणिक कथाओं और पुरातन मान्यताओं के अनुसार ओम पर्वत अपने आप में कई महत्व और रहस्य संजोए हुए हैं। इस अनुपम स्थान को नजदीक से देख लौट आए पर्वतारोहियों की मानी जाए तो इस पहाड़ पर बर्फ के बीच ओम (ॐ) शब्द का आकार दिखाई देता है। यही कारण है कि इस पर्वत का नाम ओम पर्वत पड़ा। यूं तो कहा यह भी जाता है कि हिमालय के विभिन्न पर्वतों पर ओम शब्द की आकृतियां बनी हुई है, लेकिन इनमें से अब तक केवल ओम पर्वत की आकृति के विषय में ही पता चल सका है।यह अनुपम चोटी हिंदू धर्म के साथ-साथ बौद्ध और जैन धर्म में भी विशेष धार्मिक महत्व अर्जित किए हुए हैं। इस पर्वत के दूसरी तरफ पार्वती मुहर नाम का एक पहाड़ है जो इसी नाम के एक दर्रे से जुड़ा हुआ है। इस पर्वत को लेकर भारत और नेपाल के बीच सीमा रेखा पर सहमति नहीं है जबकि पर्वत पर ओम का निशान भारत की तरफ और इसका पृष्ठ भाग नेपाल में दिखता है।

पर्वतारोही दलों के सभी प्रयास विफल

कैलाश मानसरोवर को शिव और पार्वती का घर माना जाता है। सदियों पूर्व से ही देवता और योगी महापुरुषों के साथ-साथ कई सिद्ध महात्मा यहां भगवान शिव के लिए आराधना और तपस्या करते हैं। मान्यता है कि जो व्यक्ति मानसरोवर झील की धरती मात्रा को स्पर्श कर ले वह सीधा बैकुंठ को प्राप्त हो जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार ओम पर्वत पर आज भी भगवान शिव वास और जग कल्याण करते हैं।

# भारत का अनोखा गांव, जहां जूते-चप्पल नहीं पहनते लोग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




ब्यूरो रिपोर्ट 21 नवंबर : भारत विविध संस्कृतियों का देश है. यहां आपको कई ऐसे गांव मिलेंगे, जहां के अपने नियम कानून हैं. कुछ दिनों पहले हमने बताया था कि हिमाचल प्रदेश में एक गांव है, जिसका अपना कानून है. वहां देश का संविधान भी एक तरह से लागू नहीं होता. वहां के लोग नियम के इतने पक्के हैं कि बाहरियों से हाथ तक नहीं मिलते. आज हम ऐसे ही एक और गांव के बारे में आपको बताने जा रहे हैं. यहां लोग जूते-चप्पल नहीं पहनते. यहां तक कि बाहर से आने वाले लोगों पर भी यही नियम लागू होता है.Ads by हम बात कर रहे हैं आंध्र प्रदेश के गांव वेमना इंदल की. तिरुपति से 50 किलोमीटर की दूर पर स्थित इस गांव में 25 परिवार रहते हैं. गांव की कुल आबादी 80 लोगों की है. गांव वैसे तो काफी छोटा है लेकिन यहां के नियम और परंपराएं अनोखी हैं. गांव में ज्यादातर परिवार अशक्षित है और पूरी तरह खेती किसानी पर ही निर्भर है. कहा जाता है कि गांव वाले किसी अफसर से ज्यादा अपने देवता और सरपंच की बात मानते हैं.मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यहां पटवेकरी समुदाय से जुड़े लोग रहते हैं और अपनी पहचान दोरावारलू के रूप में करते हैं. आंध्र प्रदेश में इस जाति को पिछड़े वर्ग में रखा गया है. अब बात यहां के नियमों की, तो बता दें कि यहां का कोई भी शख्स अस्पताल नहीं जाता. उनका मानना है कि ईश्वर जिनकी वे पूजा करते हैं, वह सब संभाल लेंगे. लोग तिरुपति भगवान वेंकटेश्वर की पूजा करने भी नहीं जाते, क्योंकि गांव में ही एक मंदिर है, जिसमें वे पूजा करते हैं. जब बीमार होते हैं तो यहां नीम का एक वृक्ष है, उसकी परिक्रमा करते हैं. मंदिर की परिक्रमा करते हैं पर अस्पताल नहीं जाते.

# क्या आपकी संतान को भी है मोबाइल की बीमारी ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 21 नवंबर , घर घर हर हाँथ में आज मोबाइल जैसे एक बिमारी बन गयी है। क्या बच्चे , क्या युवा , क्या बुजुर्ग सभी अपना समय इस छोटे से गजेट में गुज़ारते नज़र आते हैं। लेकिन आपको हैरानी और दुःख होगा ये जानकर कि जब एक पिता ने अपने 16 साल के बेटे को गेम खेलने से रोक कर फोन छीन लिया और सोने के लिए कहा तो परेशान होकर उसने रसोई में दुपट्टे से फांसी लगा ली। अब ये खबर हर घर की है सबक हर माँ बाप के लिए भी है। क्योंकि इसके लिए पैरेंट्स को बच्चों की मोबाइल विहेवियर पर नजर रखनी चाहिए और स्मार्टफोन इस्तेमाल पर नियंत्रण रखना चाहिए।



मोबाइल फोन आज की जरूरत हैं, लेकिन मोबाइल का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल लोगों को बीमार बना रहा है। ऐसी ही एक घटना मुंबई में देखने को मिली, जहां एक 16 साल के बच्चे ने मोबाइल फोन न मिलने की वजह से आत्महत्या कर ली। दरअसल पिता बच्चे के ऑनलाइन गेमिंग की लत की वजह से परेशान थे। ऐसे में पिता अपने बच्चे से फोन छीन लेते हैं, जिससे गुस्सा होकर बच्चा आत्महत्या कर लेता है। रिपोर्ट की मानें, तो बच्चे की एक मेडिकल हिस्ट्री रही है, जहां वो फोन से दूर होने पर परेशान हो जाता था, लेकिन पिता ने बच्चे के गेम खेलने से परेशान होकर उससे फोन छीन लिया और सोने जाने को कहा, लेकिन बच्चे ने रसोई में दुपट्टे से फांसी लगा ली।

कैसे करें बचाव

अगर एक्सपर्ट की मानें, तो पैरेंट्स को शुरुआत से बच्चों की मोबाइल विहेवियर पर नजर रखना चाहिए। साथ ही नो मोबाइल टाइम फिक्स करना चाहिए। जैसे खाने के साथ ही पारिवारिक समय और सोने के समय तय होने चाहिए। साथ ही इस दौरान मोबाइल इस्तेमाल पर बैन होना चाहिए।फोन पर पैरेंट्स कंट्रोल होना चाहिए। साथ ही पैरेंट्स को देखना चाहिए कि आपका बच्चा दिन में कितनी देर तक स्मार्टफोन इस्तेमाल कर रहा है।

आईफोन समेत कई सारे फोन में स्क्रीन टाइम डिटेल दी जाती है।पैरेंट्स को बच्चों के साथ बातचीत करनी चाहिए, जिससे बच्चे कुछ वक्त के लिए स्मार्टफोन से दूर रहेंगे।पैरेंट्स को बच्चों को फिजिकल गेम खेलने को प्रोत्साहित करना चाहिए। साथ ही पैरेंट्स को चाहिए कि वो बच्चों को सोशल इवेंट में लेकर जाएं।अगर स्मार्टफोन की लत बढ़ गई है, तो बच्चों को मनोचिकित्सक को जरूर दिखाएं।

## संक्षिप्त खबरें

### जनकल्याणकारी कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास के संबंध में जिलाधिकारी विनीत तोमर ने ली बैठक

अल्मोड़ा। जनपद में विभिन्न विभागों के जनकल्याणकारी कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास के संबंध में जिलाधिकारी विनीत तोमर ने अधिकारियों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी 30 नवंबर को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा वर्चुअल माध्यम से योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास का कार्यक्रम प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में जिस विभाग के जिन कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास होना है, उसकी समुचित जानकारी तैयार कर उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें, कि लोकार्पण एवं शिलान्यास हेतु कोई भी योजना को दोहराया नहीं जाए। साथ ही कहा कि लोकार्पण एवं शिलान्यास का डाटा विधानसभावार तैयार किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे, अपर जिलाधिकारी सीएस मर्तोलिया, जिला विकास अधिकारी एसके पंत समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### लंबित मांगों पर कार्रवाई नहीं होने के विरोध में वन कर्मियों का सांकेतिक धरना

अल्मोड़ा। वन आरक्षी व वन बीट अधिकारी संघ में लंबित मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं होने पर आक्रोश है। इसके विरोध में उन्होंने मंगलवार को सांकेतिक धरना देने का निर्णय लिया है। अध्यक्ष बलवंत सिंह भंडारी ने बताया कि वन आरक्षी व वन बीट अधिकारी संघ लंबे समय से लंबित मांगों को पूरा करने की मांग कर रहा है। कर्मचारियों की मांगों पर न तो विभागीय स्तर पर कोई कार्रवाई हो रही है न ही शासन से किसी प्रकार की प्रतिक्रिया है। इसके कारण कर्मचारी अपने-अपने स्तर से विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर हैं। बताया कि इससे निराश कर्मचारियों ने मंगलवार से प्रभागीय कार्यालय परिसर में प्रातः दस बजे से तीन घंटे का सांकेतिक धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। बताया कि धरना प्रदर्शन की अवधि के अतिरिक्त समय में समस्त सदस्य व पदाधिकारी अपने कार्यस्थल पर ड्यूटी पर रहेंगे। धरना प्रदर्शन के दौरान कोई राजकीय कार्य प्रभावित न हो इसके लिए समस्त सदस्य रेंज वार रोस्टर (कार्यसूची) बनाकर प्रदर्शन में शामिल होंगे व प्रदर्शन के दौरान सहयोगी कर्मचारी फील्ड स्तरीय कार्यों के संपादन में मदद लेंगे। उक्त अवधि में रोस्टर वार समस्त सदस्य शत प्रतिशत प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि धरना प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शन में शामिल न होने व अपने कार्यक्षेत्र से अनुपस्थित पाए जाने पर कर्मचारी की स्वयं की जिम्मेदारी रहेगी।

### होमगार्ड जवानों ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

अल्मोड़ा। मोरनौला चौकी में तैनात होमगार्ड जवानों ने इमानदारी की मिसाल पेश की है। रविवार रात होमगार्ड दीपक सिंह पटवाल व किशन सिंह शहरफाटक क्षेत्र में रात्रि गश्त पर थे। इस दौरान उन्हें करीब 30 हजार कीमत का एक मोबाइल सडक पर पड़ा हुआ मिला। दोनों ने मोबाइल को चौकी में जमा करवाकर मोबाइल स्वामी की ढूंढखोज शुरू की। पता चला कि मोबाइल मनोज सिंह बिष्ट निवासी धरमपुर रुद्रपुर का है। मनोज को चौकी बुलाकर मोबाइल सुपुर्द किया गया।

### शारदा पब्लिक स्कूल अल्मोड़ा में विद्यालय के जिम का उद्घाटन

अल्मोड़ा। शारदा पब्लिक स्कूल अल्मोड़ा में विद्यालय के जिम का उद्घाटन हुआ। इस उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि बॉडीबिल्डर शुभम मेहरा रहे। शुभम मेहरा दो बार मिस्टर अल्मोड़ा, दो बार मिस्टर कुमाऊं यूनिवर्सिटी, एक बार कांस्य पदक विजेता नॉर्थ जोन और एक बार मिस्टर यूपी रह चुके हैं। शुभम मेहरा ने एशिया बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप मालदीव में सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। विद्यालय के जिम का उद्घाटन मुख्य अतिथि शुभम मेहरा, विद्यालय की प्रधानाचार्या विनीता शेखर लखचौरा और मैनेजर शेखर लखचौरा द्वारा किया गया। जिम के खुलने से विद्यालय के सभी विद्यार्थी अब जिम सुविधा का लाभ उठा सकेंगे और इसकी कक्षाएँ आरंभ की जाएगी। बॉडीबिल्डर शुभम मेहरा ने विद्यालय के बच्चों के साथ बातचीत भी की, उन्हें फिटनेस का महत्व समझाया और उन्हें प्रेरित किया। शारदा पब्लिक स्कूल अल्मोड़ा जनपद का पहला स्कूल है जिसमें शिक्षण के साथ-साथ विद्यार्थियों को स्विमिंग और जिम की सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या विनीता शेखर लखचौरा और बॉडीबिल्डर शुभम मेहरा ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।




## सुरंग में फंसे मजदूरों को निकालने के लिए कांग्रेस नेताओं ने किया हवन

देहरादून 21 नवंबर। उत्तरकाशी के सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों की सुरक्षा व सुरक्षित निकालने की कामना के लिए कांग्रेस नेताओं ने हवन पूजन किया। पंचायती मंदिर में कांग्रेस नेताओं ने हवन किया। कांग्रेसियों ने मजदूरों की चिंता जताते हुए जल्द ठोस कदम उठाने की मांग की। हवन के दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा व अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अल्मोड़ा: विधायक के भतीजे ने जीते Dream11 में एक करोड़ रुपये

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

अल्मोड़ा 21 नवंबर : ड्रीम 11 से देश के कई युवाओं को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा तो कई युवाओं की तकदीर बदल दी है . उसमें उत्तराखंड के युवा भी पीछे नहीं हैं इससे पहले भी उत्तराखंड के कई युवा जीत चुके हैं। इसी क्रम में अल्मोड़ा जनपद के जागेश्वर विधानसभा से भाजपा विधायक मोहन सिंह के भतीजे गोपाल सिंह मेहरा ने विश्वकप 2023 के फाइनल मैच के दौरान ड्रीम 11 एप्प में क्रिकेट टीम बनाकर एक करोड़ रुपये जीते हैं गोपाल सिंह मेहरा के भांजे रंजीत सिंह ने जानकारी देते हैं बताया कि गोपाल सिंह मेहरा ग्राम सभा तलकोट तहसील भोनोली ,जिला अल्मोड़ा के रहने वाले हैं ! गांव में ही उनकी कपड़ो और वर्तनों की दुकान है , एक करोड़ रूपये जितने पर लोग सोशल मीडिया पर गोपाल सिंह मेहरा को बधाई दे रहे हैं।



## मिनिस्ट्रीयल कर्मियों ने काला फीता बांध विरोध जताया

चम्पावत। फेडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रीयल सर्विसेज एसोसिएशन के प्रांतीय नेतृत्व आह्वान पर गेट मीटिंग कर काला फीता बांध विरोध जताया। कहा कि मांगों लेकर वह मुखर हैं। जिला महामंत्री जीवन चंद्र ओली के नेतृत्व में सोमवार को कर्मचारियों ने काला फीता बांध विरोध जारी रखा। कर्मचारियों ने कनिष्ठ सहायक पद सीधी भर्ती करने, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के पदों में तीन प्रतिशत की छूट, पुरानी पेंशन बहाली, समान कार्य समान वेतन, अभिलेख अनुरक्षण भत्ता देने, जियो के अनुरूप इलाज की सुविधा सहित 21 सूत्रीय मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध करने वालों में एकता टम्टा, मिन्टू राना, अलंकृत साह, महेंद्र नाथ, लोचन कुमार, दिनेश सिंह, संतोष कुमार, पंकज कुमार, गौरव कापड़ी, जीवन सिंह, विमला जोशी, दीपक कुमार आदि रहे। कहा कि आंदोलन 30 नवंबर तक जारी रहेगा। जिसके बाद आगे चरणबद्ध आंदोलन पर रणनीति तैयार होगी।

# कांग्रेस पर दोगली और नकारात्मक बयानबाजी करने का आरोप लगाया

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। भाजपा ने सिलक्यारा हादसे को लेकर कांग्रेस पर दोगली और नकारात्मक बयानबाजी करने का आरोप लगाया है । साथ ही विपक्ष को इस संवेदनशील मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करने की चुनौती देते हुए कहा, मंत्रियों के घटनास्थल पर नही पहुंचने के आरोप और उनके पहुंचने पर बचाव कार्य बाधित होने की बयानबाजी दोनो एक साथ नहीं स्वीकारे जा सकते हैं ।

पार्टी मुख्यालय पर पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठरी ने कहा, टनल हादसे में फंसे श्रमिक भाइयों को सुरक्षित निकालने के लिए केंद्र और राज्य सरकार समन्वय बनाकर युद्धस्तर पर बचाव कार्यों में जुटी हैं । उन्होंने केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी के घटना स्थल का मौके मुआइना को रेड कार्पेट बिछाने से जोडने पर सख्त आपत्ति दर्ज की है । साथ ही पलटवार करते हुए कहा, पहले कांग्रेस कहती है कि मंत्री चुनाव प्रचार में लगे हैं और घटनास्थल पर नही जा रहे हैं और अब जब परियोजना से जुड़े सडक़ परिवहन विभाग के केंद्रीय मंत्री वहां जाते हैं तो भी उन्हें आपत्ति होती है । लिहाजा कांग्रेस को स्पष्ट करना चाहिए कि वे क्या चाहते हैं मंत्री वहां जाएं या नहीं । फिलहाल इस पूरे विषय पर भाजपा का रुख स्पष्ट है, मजदूरों की जान बचाने के लिए तकनीक, विशेषज्ञ और प्रतिनिधियों जिसकी भी जरूरत वहां पड़ेगी उसे तत्काल वहां लाया जाएगा । रही बात गडकरी जी की तो, वे पूरे बचाव अभियान से संबंधित विभाग के प्रमुख हैं, उनका वहां आना उसे और अधिक गति देने वाला हैं ।

उन्होंने कार्यदायी निर्माण कंपनी की गलतियों को लेकर विपक्षी आरोपों का जबाब देते हुए कहा, मुख्यमंत्री श्री पुष्कर धामी ने इस पूरी घटना की जांच के आदेश दिए हैं । जैसे ही बचाव कार्य संपन्न होगा निश्चित रूप से जांच में दोषी पाए जाने पर कार्यवाही होगी और जिस तरह के सुधारों की जरूरत होगी उसपर अमल किया जाएगा । लिहाजा विपक्ष के नेताओं को बिना जांच के निष्कर्ष पर पहुंचने के बजाय अच्छे सुझाव देना चाहिए और श्रमिकों के सुरक्षित निकलने की कामना करनी चाहिए ।

उन्होंने पहाड़ पर सुरंग तकनीक पर बेवजह निशाना लगाने वाले विपक्षी नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा, लंबे समय से विशेषज्ञों द्वारा पहाड़ ने यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए सुरंग बनाने की मांग की जाती रही है । विश्व भर के अनुभव भी इसे बेहतर बताते हैं, लिहाजा सिर्फ एक दुर्घटना के आधार पर बिना जांच के पूरी तकनीक पर सवाल खड़ा करना कतई जायज नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### नाबालिग को नानकमत्ता से बरामद किया

चम्पावत। लोहाघाट पुलिस ने घर से गायब किशोर को चार घंटे में बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया। किशोर को सकुशल पाकर परिजनों ने पुलिस का आभार जताया। सोमवार को एसओ सुरेंद्र कोरंगा ने बताया कि रविवार को बाराकोट ब्लॉक के सिमलटुकरा गांव निवासी नाबालिग घर से बिना बताए कहीं चला गया था। पुलिस को सूचना देने के बाद सर्विलांस शाखा चम्पावत से सम्पर्क किया। मोबाइल लोकेशन के आधार पर नाबालिग बालक को रोडवेज स्टेशन नानकमत्ता जनपद उधम सिंह नगर क्षेत्र से सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया है।

### भारत-पाक युद्ध के योद्धा नायक नैन सिंह नहीं रहे

रुद्रपुर। देश के वीर सपूत 1971 के भारत-पाक युद्ध के योद्धा श्री पैरा स्पेशल फोर्स से रिटायर्ड नायक नैन सिंह ठकुराठी का आर्मी हॉस्पिटल बरेली में इलाज के दौरान सोमवार को निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे। चित्रशिला घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। नैन सिंह ठकुराठी मूल रूप से नैनी सैनी, पिथौरागढ़ के रहने वाले थे। 60 के दशक में उनके पिता जीत सिंह ठकुराठी यूपी पुलिस में रहते हुए गूलरभोज के गोविंदपुर में आकर बस गए थे। 1971 के भारत-पाक युद्ध में श्री पैरा स्पेशल फोर्स में लांसनायक के पद पर तैनात नैन सिंह ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए दुश्मनों के कई बंकर तबाह किए थे। उनके पुत्र दान सिंह ठकुराठी भी सेना में सेवा दे चुके हैं। 1980 में सेवनिवृत्त होने के बाद नैन सिंह सामाजिक कार्यों में जुट गए। तराई कला संगम रामलीला कमेटी के अध्यक्ष, युवक मंगल दल के अध्यक्ष और ग्राम प्रधान के साथ ही कई संगठनों में जिम्मेदारी संभाली। उनके निधन की खबर पाकर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। उनको मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र कुंवर सिंह ठकुराठी ने दी।

### आज होने वाला तहसील दिवस स्थगित

रुद्रपुर। प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट डॉ. अमृता शर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 21 नवंबर को तहसील रुद्रपुर में आयोजित होने वाला तहसील दिवस अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। तहसील रुद्रपुर में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले तहसील दिवस के संबंध में पृथक से सूचित कर दिया जाएगा।

### पति समेत ससुराल वालों पर दहेज उत्पीडऩ का मुकदमा

रुद्रपुर। एक महिला ने पति समेत ससुराल वालों पर दहेज उत्पीडऩ का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। मिथलेश निवासी ग्राम खुनसरा ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि उसका विवाह वर्ष 2017 में मनोज निवासी ग्राम रूपपुर, पीलीभीत के साथ हुआ था। उसका पति मनोज, ससुर रामसिंह, सास शान्ति देवी, ननद नीरज, ननदोई महिपाल, वासुदेव दहेज से खुश नहीं थे। पांच लाख की डिमांड कर रहे थे और दहेज नहीं लाने पर मारपीट करते रहे। एक जून को मारपीट की। इसके बाद वह मायके आ गयी। पुलिस ने पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीडऩ का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### नामांतरण वादों का 28 को होगा निस्तारण

रुद्रपुर। नायब तहसीलदार एवं सर्वे नायब तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी ने बताया कि 28 नवंबर को विशेष न्यायालय दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसमें नामांतरण वादों का निस्तारण किया जाएगा। सर्वे नायब तहसीलदार ने कहा कि जिनके नामांतरण वाद न्यायालय नायब तहसीलदार एवं सर्वे विभाग में न्यायालय सर्वे नायब तहसीलदार में लंबित हैं, वे 28 नवंबर को उपस्थित हों।

### मधुमेह बीमारी के बारे में किया जागरूक

रुद्रपुर। डायबिटीज़ अवेयरनेस वीक के लगातार पांचवें दिन लायंस क्लब खटीमा सेवा की टीम ने सिटी कॉन्वेंट स्कूल पहुंचकर छात्रों और शिक्षकों को साइलेंट किलर बीमारी मधुमेह के बारे में जागरूक किया। अवेयरनेस टॉक के माध्यम से सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के योग विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. नवीन भट्ट ने बताया कि योग के माध्यम से मधुमेह पर काबू पाया जा सकता है। भट्ट ने डायबिटीज़ के लक्षण भी गिनाए और बताया कि बदलती जीवन शैली ही हर बीमारी की तरह मधुमेह की भी ज़िम्मेदार है। उन्होंने योग के ऐसे कई आसनों का डेमो भी दिया, जिससे हम इस बीमारी पर नियंत्रण पा सकते हैं। इस दौरान क्लब अध्यक्ष जितेंद्र पारुथी, नरिंदर सिंह गिल, रूमाना नकवी, नीता उपाध्याय, सुरभि रोहिला, प्रीति राणा, ईशु अग्रवाल, जिया जोशी, चिराग उपाध्याय, तन्वी मेहता के साथ ही प्रधानाचार्य अमित रोनाल्ड आदि रहे।

### रिलायंस ज्वैलरी शोरुम लूटने वाले रूके थे एक माह सेलाकुई में

देहरादून । रिलायंस ज्वैलरी शोरुम लूट प्रकरण में पुलिस को घटना में शामिल अभियुक्तो के घटना से 01 से डेढ़ माह पूर्व सैलाकुई में रुक कर रैकी करने की जानकारी मिली थी, जिसके सम्बन्ध में विस्तृत जाँच में तथ्य प्रकाश में आये की सतीश कुमार पुत्र कैलाशी राम निवासी बंजारा गली तिराह सेलाकुई के घर पर 15 -16 सितम्बर को एक युवक उनकी पत्नी पूनम से किराये पर कमरे की जानकारी लेने के लिए आया था तथा किराये की बात 12000 रूपये प्रति माह में तय होने पर 17 सितम्बर को 05 लडक़े उनके घर पर रहने के लिए आये, जिनके द्वारा उन्हे स्वयं के घंटाघर पर फास्ट फूड का काम करने की जानकारी दी गयी थी। इसी बीच मकान मालिक सतीश कुमार की माताजी की तबीयत खराब होने के कारण वह 16 अक्टूबर को अपनी माताजी को लेकर पी0जी0आई0 चण्डीगढ़ गया था, इस दौरान कमरे में रुके सभी व्यक्ति उसे बिना बताये वहाँ से चले गये तथा उनके द्वारा मकान मालिक को भी केवल 6000/-रूपये का भुकतान किया गया। पुलिस द्वारा रिलायंस ज्वैलरी शोरुम तथा हरिद्वार गैस्ट हाउस से प्राप्त अभियुक्तों की वीडियो फुटेजो को मकान मालिक सतीश को दिखाने पर उसके द्वारा घटना में शामिल प्रिंस , विक्रम तथा 1-2 अन्य अभियुक्तो के अपने घर पर किराये पर रुकने की पुष्टि की गयी है।

### एस0एस0पी0 के निर्देशो पर की जा रही सघन रात्रि चैकिंग

देहरादून । पुलिस ने रात्रि चैकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले 22 वाहन चालको को मौके से गिरफ्तार कर 22 वाहनो को एमवी एक्ट में सीज किया। मिली जानकारी के अनुसार रात्रि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा बैरियर / नाका प्वाइंट पर पुलिस द्वारा की जा रही रात्रि चैकिंग की समीक्षा हेतु जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियो तथा ट्रैफिक के अधिकारियो के साथ बैठक की गई । बैठक के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रो में संवेदनशील स्थानो को चिन्हित करते हुये उक्त स्थानो पर चैकिंग हेतु नये नाका प्वाइंटस बनाने तथा सभी बैरियरो पर एल्को मीटर के साथ प्रभावी चैकिंग करने के उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये गये थे। उक्त निर्देशो के क्रम में दिनांक 19-11-23 की रात्रि में स्थानीय पुलिस तथा यातायात पुलिस द्वारा विभिन्न बैरियरो /नाको पर एल्को मीटर के साथ प्रभावी चैकिंग करते हुये शराब पीकर वाहन चलाने वाले 22 वाहन चालको को मौके से गिरफ्तार कर 22 वाहनो को एमवी एक्ट में सीज किया गया।

# देहरादून : गांव-गांव में अब कैमरों की नजर निगरानी में 65 फीसदी ग्राम पंचायतें

न्यूज़ वायरस नेटवर्क


देहरादून 21 नवंबर : राजधानी के ग्रामीण इलाके भी शहरी से कदमताल कर रहे हैं। विकास योजनाओं के लाभ दिलाने के साथ ही अब ग्रामीण इलाकों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। जिले की ग्राम पंचायतों को हाईटेक कर सीसीटीवी कैमरे से लैस किया जा रहा है। सीसीटीवी से गांवों में होने वाली आपराधिक गतिविधियों, सरकारी संपत्तियों पर भी नजर रखी जा सकेगी।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में शासन ने ग्राम पंचायतों में सुरक्षा की दृष्टि से निगरानी तंत्र विकसित किए जाने का काम शुरू किया है। रायपुर, डोईवाला, चकराता व सहसपुर विकासखंड की 174 ग्राम पंचायतों में से 117 को यानी करीब 65 फीसदी ग्राम पंचायतों को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया जा चुका है। शेष ग्राम पंचायतों में कैमरे लगाने का कार्य चल रहा है।

ग्राम पंचायतों के सीसीटीवी कैमरों को खासकर मुख्य चौराहों, बाजार, मार्ग, स्कूल आदि सार्वजनिक स्थानों पर लगाया गया है। इसके लिए ग्राम प्रधानों की निगरानी में बाकायदा कंट्रोल रूप स्थापित किए गए हैं। कोई भी घटना होने पर कंट्रोल रूम से आसानी से वीडियो फुटेज हासिल की जा सकती है। विकासखंड कालसी और विकासनगर की ग्राम पंचायतों में सुरक्षा संबंधी कोई परेशानी न होने से फिलहाल इनको योजना से बाहर रखा गया है। जिले की ग्राम पंचायतों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। अब केवल 57 ग्राम पंचायतें शेष हैं जिनको जल्द ही सीसीटीवी कैमरे से लैस कर दिया जाएगा



# हल्द्वानी : दारू के नशे में धुत मालिक ने अपने पालतू कुत्ते को मार डाला





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हल्द्वानी 21 नवंबर : आज के वक्त में जानवर वफादार हो सकता है, लेकिन इंसान नहीं। अब हल्द्वानी में ही देख लें, यहां शराब के नशे में धुत मालिक ने अपने पालतू कुत्ते की बेरहमी से हत्या कर दी। उसने कुत्ते का गला घोंट दिया। बाद में उसे दफनाने के लिए गड्ढा खोदने लगा तो पड़ोसियों ने आरोपी को देख लिया। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कुत्ते के शव को कब्जे में ले लिया। इस मामले में पुलिस ने मालिक पर केस भी दर्ज कर लिया है।

हल्द्वानी में पहली बार कुत्ते की हत्या करने पर मालिक के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कुत्ते की मौत गला व दम घुटने से होने की पुष्टि हुई है। आरोपी विशाल कुमार उर्फ विवेक काठगोदाम क्षेत्र में रहता है। 11 नवंबर की रात उसने अपने पालतू कुत्ते की हत्या कर दी है। वह नशे की हालत में घर आया था। इस संबंध में पड़ोसी रोबिन कुमार ने पुलिस को फोन पर घटना के बारे में बताया था।

रोबिन ने पुलिस को बताया कि आरोपी विशाल अपने घर के पास ही कुत्ते को दफनाने के लिए गड्ढा खोद रहा था। पूछने पर विशाल ने बताया था कि कुत्ते का एक्सीडेंट हुआ है, लेकिन कुत्ते के शरीर में चोट का कोई निशान नहीं था। कुत्ते का गला उसी की रस्सी से कसा हुआ था। जीभ बाहर निकली थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चला कि कुत्ते की हत्या हुई थी। इसके बाद आरोपित मालिक पर केस दर्ज किया है। तहरीर में गवाह के तौर पर पड़ोसी रोबिन कुमार, मनोज कांडपाल, आजाद हुसैन, मोहित, अविनाशदीप, मानू, कमलकांत, माया कांडपाल व मनोज ने भी हस्ताक्षर किए हैं। आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।


# आशिकी में गर्लफ्रेंड ने ले ली किडनी, फिर दूसरे से कर ली शादी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 21 नवंबर : रिलेशनशिप बचाने और अपना प्यार पाने के लिए लोग क्या-क्या नहीं करते हैं। कई बार लोग अपने पार्टनर की इच्छा के चलते अपना सब कुछ कुर्बान कर देते हैं। मैक्सिको से हाल ही में एक मामला सामने आया जहां एक शख्स ने अपनी गर्लफ्रेंड की मां को बचाने के लिए अपनी खुद की किडनी निकलवा दी लेकिन उसकी गर्लफ्रेंड ने किसी और शख्स से शादी कर ली। यह सब तब हुआ जब शख्स की गर्लफ्रेंड की मां गंभीर रूप से बीमार थी।

दरअसल, यह घटना मैक्सिको की है। द सन की एक ऑनलाइन रिपोर्ट के मुताबिक, इस पूरी घटना के बारे में शख्स ने अपने सोशल मीडिया स्पेस पर बताया है। शख्स का नाम उजिएल मार्टिनेज है और वह एक टीचर है। उसने एक वीडियो जारी कर बताया कि उसकी गर्लफ्रेंड की मां की हालत काफी गंभीर थी और उसे तत्काल किडनी की जरूरत थी क्योंकि उसकी किडनी खराब हो चुकी थी। इसके बाद शख्स ने फैसला किया कि वह अपनी किडनी निकल जाएगा और अपनी गर्लफ्रेंड की मां को किडनी दान में देगा। उसने डॉक्टरों की टीम से संपर्क किया और अपनी एक किडनी निकलवा दी। इसके बाद डॉक्टरों ने उसकी गर्लफ्रेंड की मां का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया और उसकी मां ठीक हो गई। लेकिन शख्स को शायद अंदाजा नहीं था कि इस वफा के बदले उसे क्या सजा मिलेगी।





## संक्षिप्त खबरें

### गेवाड़ संघर्ष समिति ने शासन-प्रशासन को चेताया

अल्मोड़ा। गेवाड़ विकास समिति ने तीन माह पूरे होने पर अभियंताओं के साथ बैठक की। समिति के सदस्यों ने अभियंताओं से निर्माण कार्य में तेजी लाने की बात की। सीएम को भेजे ज्ञापन की समस्याओं का 15 दिसंबर तक समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। सोमवार को विकासखंड सभागार में हुई बैठक में सदस्यों ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत निर्माण कार्य काफी देरी से हो रहा है। फसल की सिंचाई के लिए भी लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। सदस्यों ने सिंचाई का पानी मुहैया कराने की मांग की। सडक़ों की खस्ता हालत, चिकित्सकों और शिक्षकों की कमी, शिक्षकों की कमी आदि पर चर्चा की। सीएम को भेजे गए ज्ञापन की समस्याओं पर कार्रवाई नहीं होने पर रोष व्यक्त किया। 15 दिसंबर तक निदान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। यहां ब्लॉक प्रमुख किरण बिष्ट, विकास समिति अध्यक्ष गजेंद्र नेगी, विधायक प्रतिनिधि हीरा बिष्ट, सदानंद पांडे, जीवन नेगी, प्रकाश उपाध्याय, एलडी मठपाल, गणेश नायक, अशोक कुमार, गिरीश चंद, चंदन सिंह बिष्ट, मनोहर सिंह संगेला, रमेश अधिकारी, दिनेश मनराल, राम बहादुर, कृष्णा राठौर, रामस्वरूप मासीवाल, कमला देवी, हीरा सिंह नेगी, गणेश गैरौला आदि मौजूद रहे।

### प्रवेश तिथि आगे बढ़ाने की मांग मुखर

बागेश्वर। बद्रीदत्त पांडे कैंपस में एमए, एमएससी व एमकॉम प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश तिथि आगे बढ़ाने की मांग मुखर होने लगी है। इस मांग को लेकर अभाविप ने एक ज्ञापन कैंपस निदेशक के माध्यम से निदेशक उच्च शिक्षा को भेजा है। परिषद से जुड़े छात्र सोमवार को कैंपस में एकत्रित हुए। यहां प्रभारी कैंपस निदेशक जीएस गडिया से मिले। उन्हें उच्च शिक्षा निदेशक के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। छात्रों का कहना है कि एमए,एमएससी तथा एमकॉम प्रथम सेमेस्टर में समर्थ पोर्टल पर वेरिफाई करने की अंतिम तिथि 20 नवंबर निर्धारित की गई है। गत दिनों छात्रसंघ चुनाव व दीपावली अवकाश के कारण कई छात्र-छात्राएं प्रवेश नहीं ले पाए हैं। परीक्षाफल में भी त्रुटियों के कारण भी प्रवेश नहीं मिल पाया है। इस कारण कई सीटें अभी भी रिक्त हैं। उन्होंने छात्र हितों को देखते हुए प्रवेश तिथि में विस्तार करने की मांग की है, ताकि रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जा सके। ज्ञापन सौंपने वालों में सौरभ जोशी, आशीष कुमार, योगेश जोशी, खजान टंगडिया, पवन मेहता, हरीश कुमार व चंदन कोरंगा आदि मौजूद रहे।\

### अंतिम चरण में है मोस्टा-बकोड़ा सडक़: डीएम

चम्पावत( आरएनएस )। डीएम नवनीत पांडेय सोमवार को तल्लादेश के दुर्गम बकोड़ा मंच गांव पहुंचे। यहां उनके पहुंचने पर ग्रामीणों ने स्वागत किया। डीएम को ग्रामीणों ने दुर्गम क्षेत्रों की मूलभूत समस्याओं के बारे में बताया। शीघ्र डीएम ने समस्याओं के निदान का भरोसा दिलाया। मंच तहसील के गांव बकोड़ा 15 किमी पैदल चलकर डीएम ग्रामीणों के बीच पहुंचे। मंच, मरथापला, आली, मथार, मष्टी, बकोड़ा, गोरसौन, गैर, मोस्टा बंडा, संगरौन, सीम तक डीएम ने अधिकारियों व ग्रामीणों के साथ पैदल गांव का जायजा लिया। डीएम ने ग्रामीणों को बताया कि बकोड़ा क्षेत्र को सडक़ मार्ग 12 किमी को जोडने की कार्यवाही अंतिम चरण पर है। शीघ्र भारत सरकार से वन भूमि हस्तांतरण की स्वीकृति होने पर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। डीएम ने यहां राप्रावि और जूनियर हाईस्कूल बकोड़ा, आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर जरुरी समस्याओं का प्रस्ताव भेजने की बात कही। ग्रामीणों ने मंच से बकोड़ा तक सडक़ निर्माण करने, सीम से खिरद्वारी व बकोड़ा को जोडने, लधिया नदी से कटाव रोकने, टनकपुर जौलजीबी सडक़ से गांव को जोडने, बिजली लाइन बिछाने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि यहां पर गहत और गडेरी की बड़ी मात्रा में खेती होती है। लेकिन सडक़ के अभाव में इसे बाजार तक ले जाना संभव नहीं हो पाता। जिस कारण उन्हें मूल्य नहीं मिल पाता।

### क्षतिग्रस्त नालियों का निर्माण कार्य शुरू

चम्पावत( आरएनएस )। लोहाघाट शहर में लंबे समय से क्षतिग्रस्त नालियों को ठीक करने की मांग पूरी होने लगी है। लोनिवि ने नाली निर्माण का कार्य शुरू किया। सोमवार को नाली निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार सुनील चौबे ने बताया कि जिला योजना से करीब 10 लाख रुपये लागत से नगर में करीब चार सौ मीटर क्षतिग्रस्त नालियों की मरम्मत की जानी है। नालियों के क्षतिग्रस्त होने से गंदा पानी सडक़ों और लोगों के घरों में घुस रहा था। जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। लोगों ने विभाग का आभार जताने के साथ निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा।

# ऑपरेशन मुक्ति अभियान से 3603 बच्चों के चेहरों पर आई मुस्कान

## डीजीपी अशोक कुमार के निर्देश पर भिक्षा नहीं शिक्षा दे थीम पर बच्चों का स्कूल में कराया एडमिशन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क


देहरादून 21 नवंबर। डीजीपी अशोक कुमार के निर्देश पर देहरादून पुलिस की पहल पर उत्तराखंड में 3603 बच्चों के चेहरों पर मुस्कान आई। ऑपरेशन मुक्ति अभियान के तहत भिक्षा नहीं शिक्षा दे थीम पर उत्तराखंड पुलिस ने 3603 बच्चों का स्कूल में एडमिशन कराया। जिनमें देहरादून जिले में 778 बच्चे शामिल हैं। ये सभी बच्चे भिक्षा मांगने को मजबूर थे। डीजीपी अशोक कुमार के निर्देश पर ऑपरेशन मुक्ति अभियान वर्ष 2017 से लगातार चला आ रहा है। जिसमे उत्तराखंड पुलिस द्वारा भिक्षा नही शिक्षा दे की थीम के तहत ऐसे बच्चे जो किन्ही कारण वश भिक्षा मांगने या बाल श्रम करते थे और शिक्षा से वंचित चले आ रहे थे। उन बच्चों को उत्तराखंड पुलिस द्वारा चिन्हित कर उनके माता पिता की काउंसलिंग कर शिक्षा के महत्व को समझाते हुए उनके बच्चों का दाखिला विभिन्न स्कूलों में कराया। जिस कारण वह बच्चे आज शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़ कर शिक्षित हो रहे है। देहरादून पुलिस द्वारा इस अभियान के तहत अब तक 778 बच्चों का विभन्न स्कूलों में दाखिला कराया गया है। जबकि पूरे उत्तराखंड में पुलिस द्वारा 3603 बच्चों का दाखिला विभिन्न स्कूलों में कराया गया है। आगे भी पुलिस की यह मुहिम जारी रहेगी। इन निर्धन बच्चों की स्कूली शिक्षा में सहायतार्थ एवं सहयोग भी बराबर जनमानस द्वारा उत्तराखंड पुलिस को दिया जाता रहा है, जिसमे इस वर्ष जनपद देहरादून पुलिस को सहयोग के लिए लगभग 300 बच्चो की सहायता एवं सहयोग में आपके द्वारा भी एक अहम भूमिका निभाई गई है। मंगलवार आज दोपहर 12:15 पुलिस लाइन रेसकोर्स में ऑपरेशन मुक्ति अभियान का समापन समारोह होगा।







## संपादकीय



### क्रिकेट की अनहोनी

टीम इंडिया 'अजेय चैम्पियन' नहीं बन सकी। एकदिनी क्रिकेट का विश्व चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया बना, जो पांच बार इस खिताब को जीत चुका था और फाइनल मुकाबले के दबावों तथा मनोविज्ञान को अच्छी तरह जानता था। टीम इंडिया कई फाइनल मुकाबले खेल चुकी है, लेकिन आखिरी चरण में उसके हाथ-पांव फूलने लगते हैं, नतीजतन 2013 में 'आईसीसी चैम्पियन्स ट्रॉफी' जीतने के बाद आज तक टीम इंडिया कोई विश्व-खिताब नहीं जीत पाई है। बेशक 'विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप' हो या टी-20 मुकाबलों के फाइनल हों, टीम इंडिया की परिणति और नियति 'उपविजेता' वाली हो गई है। बेशक टीम इंडिया ने एकदिनी क्रिकेट के विश्व कप में 10 लीग मैच और एक सेमीफाइनल मैच एकतरफा और निरंतर जीते थे, लिहाजा 'अजेय' मानना गलत नहीं था। हमने ऑस्ट्रेलिया समेत विश्व की तमाम श्रेष्ठ टीमों को पराजित किया। यह कोई तुक्का नहीं था। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज एवं 'प्लेयर ऑफ दि टूर्नामेंट' विराट कोहली (765 रन), सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज मुहम्मद शमी (24 विकेट) और बुमराह (20 विकेट) और सर्वश्रेष्ठ कप्तान रोहित शर्मा (597 रन) आदि के सम्मान-पुरस्कार भी हमारे हिस्से आए, लेकिन कुछ तो गलत गणनाएं हुई थीं कि हम 'विश्व विजेता' नहीं बन पाए। विश्व के नंबर वन बल्लेबाज आज भी शुभमन गिल हैं और चौथे-पांचवें स्थान पर क्रमशः विराट कोहली और रोहित शर्मा हैं। सिराज आज भी विश्व के नंबर 2 के गेंदबाज हैं। बल्लेबाजों के वर्ग में पहले पांच स्थान पर ऑस्ट्रेलिया का कोई भी बल्लेबाज नहीं है। टीम इंडिया ने विश्व कप में कुल 3160 रन बनाए हैं। यह भी सर्वाधिक हैं। ये कोई सामान्य आंकड़े नहीं हैं। फिर भी सवाल हो सकता है कि फाइनल में रवीन्द्र जडेजा और कुलदीप यादव की स्पिन गेंदबाजी का वह करिश्मा कहां काफूर हो गया, जो पूरे टूर्नामेंट के दौरान आतंक और आश्चर्य बना हुआ था? सवाल हमारी धीमी बल्लेबाजी पर भी स्वाभाविक है, क्योंकि तीन विकेट गिरने के बाद हमारे बल्लेबाजों ने 20 ओवर में सिर्फ 72 रन ही बनाए? खेल के 40 ओवर में एक भी छक्का नहीं लगा। आखिरी 10 ओवर में 5 विकेट खोकर 43 रन ही बन पाए! सूर्यकुमार यादव अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी साबित नहीं कर पाए। दिलचस्प यह है कि बुमराह और शमी ने 47 रन पर ही ऑस्ट्रेलिया के 3 विकेट उखाड़ दिए थे, लेकिन उसके बाद ट्रेविस हेड (137 रन) और लाबुशेन (नाबाद 58 रन) की शतकीय साझेदारी ने हमारा सपना 'छन' से तोड़ दिया। 'अजेय चैम्पियन' बनने की उम्मीदें और सच भी छीन लिए। आघात जरूर लगा है, लेकिन यह निराशा का वक्त नहीं है। इसकी समीक्षा भी खुद हमारे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों को करनी चाहिए और आगे बढना चाहिए। अभी तो हमारी अपनी जमीन पर 'विश्व विजेता' ऑस्ट्रेलिया के साथ टीम इंडिया को टी-20 की सीरीज खेलनी है। उसके बाद दक्षिण अफ्रीका भी जाना है। 2025 में 'चैम्पियन्स ट्रॉफी' प्रतियोगिता विश्व कप से कमतर नहीं है। यह हमारे खिलाडियों की टांग खींचने का भी वक्त नहीं है।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक :** मौ.सलीम सैफी, **कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002, **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094
**Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
**न्याय क्षेत्राधिकार :** जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## मारपीट कर घायल करने का आरोप, केस दर्ज

काशीपुर। मामूली कहासुनी में कुछ लोगों ने दो भाइयों को मारपीट कर घायल कर दिया। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। महुआखेड़ागंज जामा मस्जिद निवासी साईम रजा पुत्र अमीर हुसैन पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह 17 नवंबर की सुबह लगभग 11-30 बजे अपने भाई नासिर हुसैन के साथ घर के दरवाजे पर खड़ा था। पड़ोसी आरिफ पुत्र जाकिर हुसैन उसके भाई मुनाजिर के बारे में पूछने लगा। उसने मुनाजिर को फोन करने की बात कही तो आरिफ उसे और उसके भाई के साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर आरिफ ने फोन कर अपने भाई आसिम, शाकिर और जाकिर हुसैन को भी बुला लिया। आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौच कर मारपीट शुरू कर दी। उसके पिता और अन्य लोगों ने उन्हें बचाया। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## चूड़धार से रात्रि विश्राम पर लाइन जीवनगढ़ पहुंची शिलगुर महाराज की पालकी

विकासनगर। देवता से मांगी मन्नत पूरी होने पर लाइन जीवनगढ़ निवासी मेहंदी देवी ने सोमवार को अपने आवास पर हिमाचल प्रदेश के चूड़धार से शिलगुर महाराज की देव पालकी को रात्रि प्रवास पर आमंत्रित किया। मंगलवार सुबह देव पालकियों को मूल मंदिर के लिए विदा किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश के चूड़धार से प्रस्थान के बाद तुणिया, जाखना, धोइरा, खादर, हरिपुर, बाड़वाला, अंबाड़ी में देव पालकी पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं ने परिवार की खुशहाली की मन्नत मांगी। मेहंदी देवी ने बताया कि 15 साल पहले उन्होंने देवता से मन्नत मांगी थी। मन्नत पूरी होने के बाद उन्हें अपने आवास पर आमंत्रित करने के लिए अर्जी लगाई थी। सोमवार को पारंपरिक रीति रिवाज के साथ देव पालकी को गाजे बाजों के साथ लाइन जीवनगढ़ स्थित आवास पर लाया गया। देव पालकी के पहुंचते ही लाइन जीवनगढ़ शिलगुर महाराज के जयकारों से गूंज गया। श्रद्धालुओं में देव दर्शनों के लिए होड़ लगी रही। सबसे पहले देव पालकी को आंगन में बने मंडप में रखा गया, जहां श्रद्धालुओं ने देव दर्शन कर खुशहाली की मन्नत मांगी। रात में विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद जागरण किया गया। मंगलवार सुबह पूजा अर्चना के बाद देव पालकियों को मूल मंदिर के लिए विदा किया जाएगा। देव पालकी के साथ पुजारी मोहिराम, वजीर बलवीर, विजय चौहान, अरुण चौहान, दिनेश चौहान, राकेश शर्मा, इंद्र सिंह, लक्ष्मण बहादुर मल्ल आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बाल श्रम रोकने को टास्क फोर्स ने चलाया छापेमारी अभियान

काशीपुर। केंद्र सरकार के निर्देश पर डीएम के गठित टास्क फोर्स ने नगर के अलग-अलग स्थानों पर बाल श्रम रोकने को अभियान चलाया। इस दौरान कहीं भी कोई बाल श्रमिक नहीं मिला। करीब एक सप्ताह पूर्व केंद्र सरकार ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को बाल श्रम रोकने के लिए टास्क फोर्स का गठन करने का आदेश दिया था। इसके बाद जिलाधिकारी ने टास्क फोर्स का गठन किया था। सोमवार को नगर में टास्क फोर्स ने अलग-अलग स्थानों पर अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों, होटल स्वामी, कारखानों के मालिकों को बाल श्रम के बारे में जानकारी दी। कहा कि बाल श्रम प्रतिबंधित है। अगर ऐसा करते पाए गए तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अभियान पूरे जिले में सोमवार से शुरू किया गया है जो की अगले 20 दिनों तक चलेगा। इस दौरान बाल कल्याण समिति से हरनीत कौर, श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिल पुरोहित, चाइल्ड लाइव समिति से दीपा मेहर, बाल कल्याण अधिकारी मोनिका शामिल रहे।

### सम्राट पृथ्वीराज चौहान कॉलेज में हुआ फ्रेशर पार्टी का आयोजन

काशीपुर। खोखरा ताल रोड स्थित सम्राट पृथ्वीराज चौहान ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस फार्मेसी शोध एवं शिक्षण संस्थान में बी फार्मा एवं डी फार्मा के नए छात्र-छात्राओं के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। सोमवार को संस्थान में आयोजित कार्यक्रम का जसपुर विधायक आदेश चौहान, भाजपा के वरिष्ठ नेता दीपक बाली मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को नए सत्र के शुरू होने पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान प्रबंधक महेश सिंह चौहान ने अतिथियों का स्वागत किया। संस्थान अध्यक्ष गोपाल सिंह चौहान, निदेशक प्रो. डॉ. कपिल कुमार आदि मौजूद रहे।

### सांसद निधि से विभिन्न धार्मिक स्थलों के लिए देंगे 27 लाख

काशीपुर। सांसद प्रवास कार्यक्रम के तहत सोमवार को सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस में पहुंचे भाजपा के राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कार्यकर्ताओं से संवाद किया और क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने अपनी सांसद निधि से विभिन्न धार्मिक स्थलों के लिए 27 लाख रुपये देने की घोषणा की। नरेश बंसल ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं, ऐसे में ये रीढ़ मजबूत रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र में पीएम नरेंद्र मोदी और राज्य में सीएम पुष्कर सिंह धामी जिस तरह से विकास कार्य कर रहे हैं, उसी के आधार पर भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में जनता के बीच वोट मांगने जाएगी। उन्होंने कहा कि ये समय आपसी मनमुटाव का नहीं है। ऐसे में सभी को एकजुट होकर पीएम नरेंद्र मोदी के कंधों को और मजबूत करना है। इसके बाद उन्होंने राजा जगत देव जी की मूर्ति के लिए 10 लाख रुपये, शिव मंदिर झारखंडी हेतु 5 लाख रुपये, जबरान गुरुद्वारा साहिब हेतु 5 लाख, शिव मंदिर नई सडक़ में ढाई लाख, कुंडेश्वरी शमशान घाट हेतु 5 लख देने की घोषणा की। वहीं जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा एवं भाजपा नेता राजेश कुमार ने उन्हें विश्वास दिलाया कि भाजपा एकजुट है। कार्यकर्ताओं ने राज्यसभा सांसद का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, पूर्व राज्य मंत्री राजेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष कमल किशोर भट्ट, जिला मंत्री विकास गुप्ता, बिट्टू चौहान, सुदेश चौहान, प्रियंका दिवाकर, वीरेंद्र सिंह बिष्ट, कन्नू जोशी, प्रवीण सिंह, नरेंद्र चौधरी, परविंदर सिंह विर्क, दिलीप सिंह, प्रमोद भट्ट, राकेश गुप्ता, कमलेश, गुलाम मुस्तफा आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जलौनी लकडिय़ां उपलब्ध कराने को एसडीएम को ज्ञापन

काशीपुर। नगर पालिका के अध्यक्ष एवं सभासदों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर जलौनी लकड़ी उपलब्ध कराने की मांग की है। ज्ञापन में कहा है कि क्षेत्र की समस्त टालों पर जलौनी लकड़ी समाप्त हो चुकी है, जिस कारण दाह संस्कार में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते के नेतृत्व में पालिक के सभासद एसडीएम कोर्ट पहुंचे। यहां इन लोगों ने एसडीएम राकेश तिवारी को ज्ञापन दिया। इसमें इन लोगों ने कहा कि क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सभी टालों पर जलौनी लकड़ी समाप्त हो चुकी है और उनको जंगल से लकड़ी मिल नहीं रही है। ऐसा होने से शवों के अंतिम संस्कार में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# मदरसों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए महामहिम से मिले मदरसा बोर्ड अध्यक्ष





मुफ्ती शमून कासमी मदरसा बोर्ड की आज लेंगे पहली बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 21 नवंबर। सोमवार को उत्तराखंड मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी ने राजभवन में महामहिम राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मदरसों को मुख्य धारा से जोड़ने और राष्ट्रहित में देश को मजबूत करने पर चर्चा हुई।मुफ्ती शमून कासमी ने बताया महामहिम ने मदरसों सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत वार्ता की। जिसमें मदरसों में पढ़ने वाले छात्रों की पढ़ाई की गुणवत्ता और उनके भविष्य को लेकर वार्ता हुई। मुफ्ती शमून कासमी मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष बनने के बाद मंगलवार को पहली बार बोर्ड की बैठक लेंगे। जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की भ्रष्टाचार मुक्त नीति पर काम करते हुए भ्रष्ट कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा सकते हैं। मुफ्ती शमून कासमी ने बताया कुछ कर्मचारियों और अधिकारियों की लगातार शिकायत आ रही है, बैठक में मुद्दे को गंभीरता से लिया जाएगा। मदरसा संचालन में किसी को परेशानी ना हो, मदरसों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए पंजीकरण कराने पर जोर दिया जाएगा।

## आज जेएन कौल में होगी नशा मुक्ति पर गोष्ठी

हल्द्वानी। जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से आज मंगलवार को भीमताल के जेएन कौल शिक्षण संस्थान में नशा मुक्ति अभियान के तहत गोष्ठी आयोजित की जाएगी। यह जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने दी। बताया गोष्ठी में स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, शिक्षा विभाग और समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों की ओर से नशे के दुष्प्रभाव को लेकर विद्यार्थियों को अवगत कराया जाएगा। साथ ही भाषण प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक और प्रतियोगिताओं के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। विजेताओं को प्रमाण पत्र, पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

## नैनीताल में हाउस टैक्स ना देने वालों की आरसी काटी जाएगी

हल्द्वानी। वित्तीय संकट से जूझ रही नगर पालिका अब हाउस टैक्स वसूली के लिए अभियान चलाएगी। सोमवार को प्रशासक बनाए गए एसडीएम धारी केएन गोस्वामी ने नगर पालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठककर टैक्स बकायेदारों के खिलाफ आरसी काटने के निर्देश दिए। सोमवार को अधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद एसडीम ने वित्तीय संकट से पालिका को उबारने के लिए टैक्स वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन भी सरकारी संस्थाओं व निजी लोगों पर टैक्स का बकाया है, उन्हें नोटिस जारी कर टैक्स भुगतान के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने टैक्स अनुभाग से टैक्स वसूली के लिए अभियान चलाने को कहा। उन्होंने सभी कर्मचारियों व अधिकारियों के समय से नगर पालिका में अपनी ड्यूटी पर पहुंचने को कहा। नियमों की अनदेखी होने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। कर निर्धारण समिति के अध्यक्ष सभासद मोहन नेगी ने दाखिल खारिज के लंबित मामलों के निस्तारण को लेकर भी टैक्स की बैठक बुलाए जाने की मांग की। पता चला कि नैनीताल क्लब ने 47 लाख, पीडब्ल्यूडी ने 16 लाख रुपये का टैक्स जमा करना है। इसके अलावा शहर के कई व्यापारियों की ओर से भी हाउस टैक्स नहीं भरा गया है। इस दौरान अधिशासी अधिकारी पूजा चंद्रा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## देसंविवि का अंतर्राष्ट्रीय योग समिट-2023 का समापन

हरिद्वार। हरिद्वार स्थित देवसंस्कृति विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय योग समिट-2023 का समापन भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। समापन कार्यक्रम में अतिथियों ने देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के साथ मिलकर योग को बुंलदियों पर पहुंचाने के लिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। योग समिट-2023 में योग विशेषज्ञों एवं योग प्रशिक्षुओं ने अपने अनुभवों को साझा किया और अब तक किये जा रहे योग कार्यक्रम की जानकारी दी। यह योग समिट-2023 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम वसुधैव कुटुंबकम के भाव को जागृत करने वाला रहा। भारत की सामाजिक-सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने के साथ ही विश्व भर में जन-जन तक योग को पहुंचाने के संकल्प के साथ प्रतिभागियों ने विदाई ली। इस अवसर पर देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के युवाओं ने योग के विभिन्न आसानों के साथ भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

देवसंस्कृति विवि के कुलपति शरद पारधी ने कहा कि योग केवल तन और मन को ही पुष्ट नहीं करता, वरन् यह हमारी मानसिक और आध्यात्मिक विकास के लिए प्रगति के द्वार भी खोलता है। तीन दिवसीय इस अंतर्राष्ट्रीय योग समिट में जम्मू कश्मीर के श्रेयांस कुमार जैन, कर्नाटक के तल्लम प्रसाद, गुजरात के राजीव कुमार मिश्रा सहित 450 योग विशेषज्ञों, योग प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। इस दौरान कुल 52 शोध पत्र पढ़े गये। इस अवसर पर राजस्थान, उत्तराखण्ड, उप्र, जम्मू कश्मीर, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडू सहित देश के 26 राज्यों के योग विशेषज्ञ और योग प्रशिक्षुओं ने प्रतिभाग किया।

## शतरंज में चैंपियन बने भव्य और शेराली

हल्द्वानी। दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल हल्द्वानी में आयोजित राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में भव्य अरोरा बालक और शेराली पटनायक बालिका वर्ग की चैंपियन बनीं। मुख्य अतिथि सिंथिया स्कूल के निदेशक व प्रधानाचार्य प्रवीण रौतेला ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। नैनीताल जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष समित टिक्कू ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता 4 दिसंबर से तेलंगाना में शुरू होगी। यहां संघ के महासचिव संजीव चौधरी, कोषाध्यक्ष डॉ. सीमा सिंह, अकादमिक निदेशक स्मृति टिक्कू, प्रधानाचार्य रूपक पांडे, उप प्रधानाचार्य अंजू शर्मा, मृत्युंजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

## जरूरमंद महिलाओं को आजीविका बढ़ाने हेतु बिना ब्याज के ऋण वितरण किया

विकासनगर। विकासखंड कालसी में ग्रामीण उद्यान बैग वृद्धि परियोजना (रिप) ने सोमवार को विभिन्न समूह से जुड़ी जरूरमंद महिलाओं को अपनी आजीविका को बढ़ाने के लिए बिना ब्याज के ऋण वितरण किया गया। विभाग ने ब्यूटी पार्लर, मुर्गी पालन, बकरी पालन, विभिन्न प्रकार के मसाला उद्योगों के लिए समूह से जुड़ी महिलाओं को तीस प्रतिशत छूट के आधार पर चेक वितरण किए गए। कालसी ब्लॉक सभागार में आयोजित बैठक में पहुंचे मुख्य अतिथि विकासखंड कालसी के खंड विकास अधिकारी जगत सिंह ने बताया कि भारत सरकार और उत्तराखंड सरकार द्वारा महिला विकास व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। जिसमें एक रिप संस्था भी है। इस संस्था के माध्यम से विभिन्न गांवों में महिलाओं के समूह बनाकर उन्हें रोजगार की ओर बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा आर्थिक सहायता के रूप में चेक वितरण किया जा रहे हैं। जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर वह सशक्त हो सकें। संस्था की एमडी रितम्बरा चौहान ने बताया कि 41 अति जरूरतमंद महिलाओं को स्वरोजगार की ओर बढ़ावा देने के लिए आज संस्था द्वारा चेक वितरण किए गए। जिसमें आज खंड विकास अधिकारी के उपस्थिति में 18 महिलाओं को चेक वितरण किए गए। बाकी महिलाएं उपस्थित न होने के कारण इनके चेक वितरण नहीं किए गए।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्य सूचना आयुक्त ने नगर पालिका का औचक निरीक्षण किया

काशीपुर। सोमवार को राज्य सूचना आयुक्त उत्तराखंड योगेश भट्ट ने नगर पालिका कार्यालय में सूचना संबंधी अभिलेखों की जांच की। उन्होंने महत्वपूर्ण दस्तावेजों को संरक्षित करने के लिए रख-रखाव बेहतर ढंग से करने के साथ ही मांगी गई सूचना समय से उपलब्ध करवाने में पारदर्शिता बरतने का ध्यान रखने के निर्देश दिए। राज्य सूचना आयुक्त योगेश भट्ट ने नगर पालिका परिषद में ऑफिस, गृहकर कार्यालय आदि का निरीक्षण कर वहां पर फाइलों में रखे दस्तावेजों का अवलोन किया तथा इन फाइलों में दर्ज विवरण के बारे में पालिका कर्मियों से सवाल-जवाब किए। उन्होंने आमजन प्रापर्टी आदि से जुड़े जरूरी दस्तावेजों को संरक्षित करने के लिए उनका रख-रखाव सही तरीके से करने के निर्देश ईओ को दिए। साथ ही पालिका कर्मियों की बैठक लेकर सूचना अधिकार की जानकारी कैसे उपलब्ध करवानी है इस बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इस निरीक्षण का मुख्य उद्देय अधिनियम के प्रति कर्मचारियों में जो उदासीनता बनी है उसे दूर करने और उनमें सकारात्मकता के भाव जागृत करना है। नगरपालिका में सूचना अधिकार से जुड़े बहुत ज्यादा अनुरोध पत्र नहीं हैं, लेकिन जो हैं उनका निस्तारण पूरी पारदर्शिता के साथ समयावधि में करने के लिए विभागीय प्रथम अपीलीय अधिकारी को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि सूचना का अधिकार का प्रयोग किसी को डराने अथवा दबाव में लेने के लिए नहीं है। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि कार्य में पारदर्शिता और आम लोगों के लिए एक अच्छी व्यवस्था बने तथा सुशासन स्थापित हो। इसलिए लोगों के बीच सूचना अधिकार को लेकर जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते, ईओ मनोज दास, सभासद जगतजीत सिंह, राजदीप तिवारी, पूर्व सभासद रामअवतार यादव, सुनील कुमार, कैलाश चंद्र जोशी, रामगोपाल यादव, संजय धीमान, सीताराम तिवारी, आदि मौजूद थे।

### पांच हजार मीटर में सतपाल दौड़े सबसे तेज

विकासनगर। फ्लाइंग सिख मिल्खा सिंह की जयंती पर विकासनगर एथलेटिक्स क्लब द्वारा द फ्लाइंग सिख रन 2023 और कै. बीएस चौहान मैमोरियल रन का आयोजन किया गया। पांच हजार मीटर दौड़ में सतपाल प्रथम, विष्णु द्वितीय और प्रियांशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस दौरान क्लब के संस्थापक प्रभजोत सिंह, ब्लॉक प्रमुख जसविंदर सिंह, गुरफूल, दिनेश, रोशन नेगी, नरेश नयाल आदि मौजूद रहे।

### खुखरी के साथ एक धरा

विकासनगर। सहसपुर पुलिस ने बालाजी कॉलोनी के समीप आसन नदी के पास एक खुखरी के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी सौरभ राठौर पुत्र सुरेश राठौर निवासी शिमला बाईपास रोड शेरपुर के खिलाफ आर्म्स ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

### विकासनगर की बाल वैज्ञानिक अविका का राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव के लिए चयन

विकासनगर। राज्य स्तरीय विज्ञान महोत्सव में पछुवादून के बाल वैज्ञानिकों ने शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह बनाई। छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से शिक्षकों की मेहनत रंग लाई। जिला विज्ञान संयोजक एवं राइंका सोरना-डोभरी के प्रवक्ता सुधीर कांति ने बताया कि राजकीय इंटर कॉलेज रुडक्री में 18 से 20 नंवबर तक संपन्न हुए राज्य स्तरीय विज्ञान महोत्सव में श्री गुरु राम राय इंटर कॉलेज भाऊवाला ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि जैन बालिका इंटर कॉलेज विकासनगर की अविका ने जूनियर स्तर की कृषि विषय पर आधारित प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर एसजीआरआर भाऊवाला की मार्गदर्शक शिक्षक कंदर्प सिमल्टी, जैन बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य रेखा अग्रवाल, बीईओ वीपी सिंह, कुंदन सिंह ने छात्र-छात्राओं को अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने की सलाह दी।